झारखण्ड विधान सभा

अल्प सूचित प्रश्नों की सूची

तृतीय झारखण्ड विधान-सभा
द्वादश-सत्र
वर्ग-04

निम्नलिखित अल्प-सूचित प्रश्न, वृहस्पतिवार, दिनांकः- 28 अग्रहायण, 1935 (श0) को 19 दिसम्बर, 2013 (ई0) झारखण्ड विधान सभा के आदेश-पत्र पर अंकित रहेंगे :-

ांक	विभागों को भेजी गई सां0सं0	सदस्यों का नाम	संक्षिप्त विषय	सबंधित विभाग	विभागों को भेजी गई तिथि
1.	02.	03.	04.	05.	06.
53.	अ0सू0-16	श्री बन्धु तिर्की	विद्युत बोर्ड द्वारा बिजली की आपूर्ति।	ऊर्जा	12.12.13
54.	अ0सू0-07	श्री संजय कु0 सिंह यादव	गाँवों में विद्युत आपूर्ति।	ऊर्जा	09.12.13
55.	अ0सू0-15	श्री गुरूचरण नायक	कैनाल का जीर्णोद्धार।	जल संसाधन	12.12.13
56.	अ0सू0-27	श्री दीपक बिरूवा	पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई।	सहकारिता	15.12.13
57.	अ0सू0-24	श्री कमल किशोर भगत	अल्पसंख्यक शोद्य केन्द्र की स्थापना।	कल्याण	15.12.13
58.	अ0सू0-26	श्री गोपाल कृष्ण पातर	नहर का निर्माण।	जल संसाधन	15.12.13
59.	अ0सू0-21	श्री मथुरा प्रसाद महतो	गाँवों का विद्युतीकरण।	ऊर्जा	12.12.13
60.	अ0सू0-20	श्री निर्भय कुमार शाहाबादी	गाँवों का विद्युतीकरण।	ऊर्जा	12.12.13
61.	अ0सू0-19	श्री प्रदीप यादव	अनुदान का भुगतान।	कल्याण	12.12.13
62.	अ0सू0-10	श्री जगरनाथ महतो	विद्युत तार बदलना।	ऊर्जा	09.12.13
63.	अ0सू0-12	श्री रामचन्द्र सहिस	आवासीय विद्यालय की स्थापना।	कल्याण	10.12.13
64.	अ0सू0-11	श्री रामचन्द्र सहिस	तालाबों का जीर्णोद्धार।	जल संसाधन	10.12.13
65.	अ0सू0-08	श्री अरविन्द कु0 सिंह	योजना पूर्ण कराना।	ऊर्जा	09.12.13
66.	अ0सू0-03	श्री बन्धु तिर्की	दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई।	कल्याण	06.12.13
67.	अ0सू0-18	श्री प्रदीप यादव	किसानों को विशेष सहायता।	कृषि एवं गन्ना विकास	12.12.13

01.	02.	03.	04.	05.	06.
68.	अ0सू0-09	श्री जगरनाथ महतो	पौद्यशाला का निर्माण।	कृषि एवं गन्ना विकास	09.12.13
69.	अ0सू0-05	श्री समरेश सिंह	दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई।	जल संसाधन	07.12.13
70.	अ0सू0-06	श्री जनार्दन पासवान	श्री राम का स्थानांतरण।	सहकारिता	07.12.13
71.	अ0सू0-22	श्री अरूण मंडल	बिजली की सुविधा उपलब्ध कराना।	जल संसाधन	12.12.13
72.	अ0सू0-02	श्री सौरभ नारायण सिंह	कैनाल की मरम्मति।	जल संसाधन	06.12.13
73.	अ0सू0-13	श्री चंद्रप्रकाश चौधरी	अधूरा कार्य पूरा कराना।	जल संसाधन	10.12.13
74.	अ0सू0-14	श्री रामचन्द्र बैठा	गाँवों का विद्युतीकरण।	ऊर्जा	12.12.13
75.	अ0सू0-17	श्री अरविन्द कु0 सिंह	मुआवजा देने का विचार।	जल संसाधन	12.12.13
76.	अ0सू0-01	श्री अरूप चटर्जी	राशन कार्ड का वितरण।	खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले	06.12.13
77.	अ0सू0-23	श्री अरूण मंडल	लैम्पस का कार्यालय निर्माण।	सहकारिता	14.12.13
78.	अ0सू0-25	श्री गोपाल कृष्ण पातर	दुग्धशाला केन्द्र को क्रियाशील करना।	पशुपालन एवं मत्स्य	15.12.13

राँची,
दिनांकः-19दिसम्बर,2013(ई0)

सुशील कुमार सिंह
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान-सभा,राँची।

ज्ञाप संख्याः-प्रश्न-09/10 640 /वि0स0,राँची,दिनांक-16.दिसम्बर,2013ई0।

प्रतिलिपिः-झारखण्ड विधान-सभा के माननीय सदस्यगण/मुख्यमंत्री/मंत्रिगण /संसदीय कार्य मंत्री/ मुख्य सचिव तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव/लोकायुक्त के आप्त सचिव एवं झारखण्ड सरकार के सभी विभागों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.12.13
(अनिल कुमार)
उप सचिव,
झारखण्ड विधान-सभा,राँची।

ज्ञाप संख्याः-प्रश्न-09/10 640 /वि0स0,राँची,दिनांक-16.दिसम्बर,2013ई0।

प्रतिलिपिः-अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव/सचिवीय कार्यालय/उप सचिव (प्रश्न) झारखण्ड विधान-सभा,राँची को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

16.12.13
(अनिल कुमार)
उप सचिव,
झारखण्ड विधान-सभा,राँची।

श्री बंधु तिर्की, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–19.12.2013 को पूछा जाने वाला
अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–16 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री बंधु तिर्की, माननीय स०वि०स०	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा घरेलु उपभोक्ताओं से 02.40 रु० तथा किसानों से 60 पैसा प्रति यूनिट चार्ज किया जाता है। वर्तमान में कोलकाता में निजी कंपनी (फ्रेंचाईजी) द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं से प्रति यूनिट 07.95 रु० चार्ज किया जा रहा है;	आंशिक स्वीकारात्मक झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड में लागू घेरलू उपभोक्ताओं का टैरिफ निम्नांलिखित हैः–

घरेलु उपभोक्ता की श्रेणी	फिक्सड चार्ज		ईनर्जी चार्ज
		दर रू० में	दर (रु० प्रति यूनिट)
घरेलु कुटीर ज्योति (मीटरड) (0–100)	रु०/कनेक्शन/माह	15	120
घरेलु कुटीर ज्योति (अन–मीटरड)	रु०/कनेक्शन/माह	40	–
घरेलु 1बी, (मीटरड) (0–200)	रु०/कनेक्शन/माह	25	140
घरेलु 1बी, (मीटरड) (200 से ज्यादा)	रु०/कनेक्शन/माह	25	140
घरेलु 1बी, (अन–मीटरड)	रु०/कनेक्शन/माह	100	–
घरेलु2, 4 किलोवाट एवं उससे कम (0–200)	रु०/कनेक्शन/माह	40	240
घरेलु3, 4 किलोवाट एवं उससे कम (201 और उससे ज्यादा)	रु०/कनेक्शन/माह	60	290
घरेलु3, 4 किलोवाट से ज्यादा	रु०/कनेक्शन/माह	100	300
घरेलु उच्च विभव	रु०/केभीए/माह	75	• 260

किसान के लिए कृषि विद्युत सम्बन्ध का टैरिफ निम्नलिखित है :–

कृषि उपभोक्ताओं की श्रेणी	फिक्सड चार्ज		ईनर्जी चार्ज
		दर रू में	दर (रू प्रति युनिट)
आईएएस1(मीटरड)	रु०/एचपी/माह	–	060
आईएएस1(अन–मीटरड)	रु०/एचपी/माह	70	–
आईएएस1(मीटरड)	रु०/एचपी/माह	–	100
आईएएस 2(अन–मीटरड)	रु०/एचपी/माह	280	–

कोलकाता के निजी कंपनी के द्वारा घरेलु उपभोक्ताओं से प्रति यूनिट चार्ज किये जा रहे टैरिफ के बारे में इस कार्यालय को सूचना उपलब्ध नहीं है। रॉची एवं जमशेदपुर में प्रस्तावित फ्रेंचाईजी द्वारा उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जा रही विद्युत के टैरिफ निर्धारण में कोई भूमिका नहीं होगी । वस्तुतः झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड के द्वारा ही झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग के माध्यम से सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ निर्धारित करवाया जायेगा ।

2. क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा विद्युत कनेक्शन के लिए घरेलू उपभोक्ताओं से केवल आवेदन शुल्क, जमानत राशि एवं सर्विस चार्ज ही लिया	आंशिक स्वीकारात्मक है। 440 वोल्ट की लाईन से घर तक का विद्युत संबंध के लिए प्रयुक्त तार उपभोक्ता के द्वारा दिया जाता है । ऐसा क्षेत्र जहाँ विद्युत तंत्र नहीं पहुंचा है, वहाँ पर घरेलु विद्युत संबंध देने हेतु आधारभूत संरचना पर होने वाले खर्च उपभोक्ता से लिये

जाता है, विद्युत कनेक्शन के लिए अधारभूत संरचना पर होने वाले खर्च सरकार करती है;	जाते हैं ।
3. यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार विद्युत आपूर्ति क्षेत्र राँची तथा जमशेदपुर में बिजली वितरण व्यवस्था निजी कंपनियों को नहीं देकर झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड से ही करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?	झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड, राँची एवं जमशेदपुर अंचल में बिजली वितरण के क्रम में वर्तमान् में क्रमशः 41% एवं 34% संचरण घाटा हो रहा है एवं गत 5 वर्षों में निरन्तर प्रयासों के उपरान्त भी उक्त संचरण घाटा में मात्र 5 से 6% की कमी आयी है । इस प्रकार से पूरे राज्य में हो रहे संचरण घाटा के कारणवश एवं रिसोर्स गैप अनुदान प्राप्त करने के उपरान्त दिनांक–31.03.2013 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड का कुल संकलित घाटा रु0–10,165 करोड़ है । वित्तीय वर्ष–2013–14 में अनुमानतः परिचालन घाटा लगभग रु0–2000 करोड़ का होने की आशंका है । जिसके विरूद्ध रु0–1500 करोड़ सरकार द्वारा रिसोर्स गैप के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है । अतएव ऐसी परिस्थिति में देश के अन्य राज्यों में लागू किये गये वितरण फ्रेंचाइजी के लाभदायक परिणामों के आधार पर राँची एवं जमशेदपुर हेतु भी वितरण फ्रेंचाईजी नियुक्त करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गयी है एवं निविदाओं में प्राप्त अधिकतम राजस्व देने वाले निविदादाता को वितरण फ्रेंचाईजी का कार्य हस्तगत करने की कार्रवाई की जा रही है । विशेषज्ञ परामर्शी के द्वारा दिये गये अनुमान के अनुसार आगामी 15 वर्षों में झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड के अनुपात में वितरण फ्रेंचाईजी द्वारा लगभग राँची अंचल में रु0–8015 करोड़ एवं जमशेदपुर अंचल में रु0–5900 करोड़ का अधिक राजस्व बोर्ड को दिया जायेगा । उपभोक्ताओं के लिए विद्युत दर बोर्ड के द्वारा झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग के माध्यम से निर्धारित कराये जायेंगे एवं टैरिफ निर्धारण में वितरण फ्रेंचाईजी का कोई योगदान नहीं होगा ।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 4189 / दिनांक 18.12.13

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/13

सरकार के अवर सचिव

(54)

श्री संजय कुमार सिंह यादव, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–19.12.2013 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–07 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता **श्री संजय कुमार सिंह यादव, माननीय स०वि०स०**		उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखण्ड अधीन महुडँड़ पंचायत के ग्राम लपसेरा, कुरदाग, फटिया, चोरपहरा तथा लोहबँधा आदि गाँवों में ग्रामीण विद्युतीकरण योजनान्तर्गत बिजली की आपूर्ति नहीं होती है;		स्वीकारात्मक है।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड 1 में वर्णित ग्राम आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है ,		स्वीकारात्मक है।
3. यदि उपर्युक्त खण्ड़ों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार खण्ड 1 में वर्णित ग्रामों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?		10वीं पंचवर्षीय योजना में आर0जी0जी0भी0वाई0 अन्तर्गत किये जा रहे विद्युतीकरण के कम में उपरोक्त ग्रामों का विद्युतीकरण कार्यों मे0 आई0भी0आर0सी0एल0 द्वारा छोड़ दिया गया है, जिसके लिए वर्तमान लोड एवं वांछित कार्यों का आकलन करते हुए दिनांक–31.01.2014 तक डी0पी0आर0 तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है एवं तदुपरान्त पुनर्निविदा आमंत्रित की जायेगी .। इसके अतिरिक्त जो गॉव/टोला 10वीं पंचवर्षीय योजना अथवा अन्य किसी भी योजना की डी0पी0आर0 दिनांक–31.12.2013 तक समर्पित करने का लक्ष्य रखा गया है । तदुपरान्त उक्त डी0पी0आर0 पर भारत सरकार से स्वीकृति के पश्चात् कियान्वयन हेतु कार्रवाई की जायेगी ।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 4190 /

दिनांक 18-12-13

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/13

सरकार के अवर सचिव

55

माननीय स०वि०स० श्री गुरूचरण नायक द्वारा दिनांक–19.12.2013 को पूछा जानेवाला अल्प सूचित प्रश्न सं०–15 का उत्तर प्रतिवेदन।

	प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
1	2	3
	क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–	
1.	क्या यह बात सही है कि प० सिंहभूम जिला के सोनुवा प्रखण्ड में प्रथम पंचवर्षीय योजना 1955–56 में सोनुवा गोंडा साई डैम एवं सिंचाई केनाल का निर्माण हुआ था ;	स्वीकारात्मक है। इस योजना को सोनुआ सिंचाई योजना के नाम से जाना जाता है।
2.	क्या यह बात सही है कि सोनुवा गोंडा साई डैम एवं केनाल का जिर्णोद्धार कई वर्षों नहीं हुआ है तथा जगह–जगह केनाल का आड़ टुटा है तथा केनाल में मिट्टी भर गया है ;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक।
3.	क्या यह बात सही है कि उक्त डैम एवं केनाल का मरम्मति होने से चार पंचायत के किसानों की सिंचाई हेतु पानी मिल पाऐगी ;	अस्वीकारात्मक है। इस योजना से वर्त्तमान में सृजित क्षमता का 80% सिंचाई उपलब्ध करायी जा रही है। शेष रकवा में सिंचाई की सुविधा नहर में कतिपय सम्पोषण कार्यों को करा लेने पर उपलब्ध हो सकेगा।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोनुवा गोंडासाई डैम एवं सिंचाई केनाल का जिर्णोद्धार कराना चाहती है। यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	नहरों में गाद जमा हो जाने के कारण पूर्ण सृजित क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है। अगले वित्तीय वर्ष में योजना के लिए बजटीय उपबंध एवं क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए आवश्यक मरम्मति कार्य कराए जाने पर विभाग विचार करेगी।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांकः 6/ज०सं०वि०– 10–14/2013...7619.../राँची, दिनांक 17-12-13/
प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड, विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं०–प्र०–590/वि० स० दिनांक 12.12.2013 के आलोक में 200 प्रतियों में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. उपसचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, कांके रोड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/प्रशाखा पदा०–6 जल संसाधन विभाग को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/12/13

संयुक्त सचिव (अभि०)
जल संसाधन विभाग, राँची।

(56)

उत्तर की तिथि:–19.12.2013

श्री दीपक बिरूवा, माननीय सदस्य विधान सभा द्वारा पूछा जानेवाला अल्प–सूचित प्रश्न संख्या–अ०सू०–27 का प्रश्नोत्तर।

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री दीपक बिरूवा, माननीय स०वि०स०	श्री हाजी हुसैन अंसारी, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रॉची

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, सहकारिता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–	
1. क्या यह बात सही है कि प0 सिंहभूम जिलान्तर्गत चक्रधरपुर अनुमण्डल के केरा लैम्पस में वर्ष 2013 के लिये 203 स्थानीय किसानों ने फसल बीमा की प्रीमियम राशि लैम्पस अधिकारियों के पास जमा की गई थी।	स्वीकारात्मक है।
2. क्या यह बात सही है कि लैम्पस पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण किसानों से प्राप्त प्रीमियम राशि कुल–63,263/– रूपये बैंक में जमा न कर निजी कार्य में खर्च कर दिया गया है।	अस्वीकारात्मक है। केरा लैम्पस में किसानों द्वारा फसल बीमा हेतु प्रीमियम की राशि जमा करते समय ही विभागीय संकल्प संख्या–1208 दिनांक–22.05.2013 में दिये गये निदेश: के आलोक में लैम्पस के द्वारा किसानों से उनके जमीन संबंधी दस्तावेज की मांग की गयी थी, परन्तु उनके द्वारा यह कहा गया कि एक दो दिनों में जमीन संबंधी कागजात जमा कर दिया जायेगा। प्रीमियम की राशि बैंक में जमा करने की तिथि तक बार–बार मागने पर भी कागजात जमा नहीं किया गया। फलस्वरूप बीमा को अवैध मानते हुए प्रीमियम की राशि संबंधित बैंक में जमा नहीं की जा सकी यह राशि समिति के शेष रोकड़ के रूप में संधारित था एवं किसी भी व्यक्ति या पदाधिकारी द्वारा निजी कार्य में व्यय नहीं किया गया है।
3. उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार फसल बीमा हेतु किसानों द्वारा जमा की गई राशि वापस करने एवं संबंधित दोषी पदाधिकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?	किसानों द्वारा ली गई बीमा प्रीमियम राशि जमा करने का अंतिम तिथि 31 अगस्त 2013 तक था एवं किसानों द्वारा वांछित अभिलेख (जमीन संबंधी दस्तावेज आदि) अंतिम तिथि तक जमा नहीं करने के कारण निर्धारित समय के पश्चात् समिति के निर्णयानुसार 203 किसानों में से 140 को नगद एवं 63 को A/c Payee चेक के द्वारा माह सितम्बर, 2013 में ही वापस कर दिया गया है।

झारखण्ड सरकार
सहकारिता विभाग

ज्ञापांक– 3/यो•सह•(विधान सभा)–19/2013 3390 /राँची, दिनांक– 18/12/2013

प्रतिलिपि:– सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, रॉची/अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, रॉची का ज्ञाप संख्या–625 दिनांक–15.12.2013 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/13
(बन्धना कुल्लू)
सरकार के संयुक्त सचिव।

Sumant murmu/Vidhan Sabha

(57)

श्री कमल किशोर भगत, स०वि०स० द्वारा दिनांक– 19.12.2013 को पूछा जानेवाला अलपसूंचित प्रश्न संख्या– अ०सू०–24 से संबंधित उत्तर सामग्री।

क्र० सं०	प्रश्न	माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण का उत्तर
1	2	3
1	क्या यह बात सही है कि राज्य में अल्पसंख्यकों से संबंधित विकास योजनाओं के केन्द्रीभूत तरीके से नहीं बन पा रही है, अल्पसंख्यक निदेशालय एवं शोध केन्द्र नहीं रहने के कारण योजनाओं का कार्यान्वयन सही तरीके से नहीं हो रहा है ?	अस्वीकारात्मक। अल्पसंख्यकों के कल्याण से संबंधित केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार द्वारा चलायी जानेवाली योजनाओं का कार्यान्वयन केन्द्र/ राज्य सरकार के निर्देश/ मार्गनिर्देश के आलोक में उपायुक्तों द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी के माध्यम से सही ढंग से कार्यान्वयन कराया जा रहा है। अल्पसंख्यकों के सवरोजगार संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम का गठन किया गया है।
2	यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े लोगों के विकास हेतु अल्पसंख्यक निदेशालय एवं अल्पसंख्यक शोध केन्द्र की स्थापना किये जाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	उपर्युक्त कंडिका 1 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार
कल्याण विभाग।

ज्ञापांक सं०–8/वि० स०प्रश्न–64/2013 2756 राँची, दिनांक: 18/12/13

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप सं०–631 दिनांक–15.12.2013 के प्रसंग में दो सौ अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/12/13
(शकील जब्बार)
सरकार के उप सचिव।

58

माननीय स॰वि॰स॰ श्री गोपाल कृष्ण पातर द्वारा दिनांक 19.12.2013 को पूछा जानेवाला अल्प सूचित प्रश्न सं०–26 का उत्तर प्रतिवेदन।

	प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
1	2	3
	क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–	
1.	क्या यह बात सही है कि खूँटी जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में तमाड़ प्रखण्ड अन्तर्गत सुरंगी जलाशय योजना का ऑनलाईन उद्घाटन बिना नहर निर्माण के ही मंत्री, जल संसाधन विभाग द्वारा किया गया ;	अस्वीकारात्मक है। योजना का बाँध, स्पीलवे एवं दोनों नहरों का कार्य पूर्ण है। बाँया मुख्य नहर के एक बिन्दु पर रिसाव के कारण नहर बैंक क्षतिग्रस्त हो गया है जिसकी मरम्मति करा दी जाएगी। मात्र नागासरीन उप वितरणी में NH-33 पर संरचना एवं इसका Approach का निर्माण नहीं हुआ है, जिसका निर्माण NHAI द्वारा अपनी विशिष्टता (4 लेन/6 लेन) के अनुसार किया जायेगा।
2.	क्या यह बात सही है कि नहर का निर्माण समुचित रूप से पूर्ण नहीं होने के कारण सिंचाई कार्य बाधित है तथा वर्षा के दिनों में सुरंगी डैम से अनियंत्रित जल बहाव एवं जमाव से स्थानीय ग्रामीणों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ;	अस्वीकारात्मक है। योजना से सिंचाई प्रदान की जा रही है। बाँध के गेटों की मरम्मति का कार्य करा दिया गया है तथा नहर में जल का बहाव नियंत्रित रूप से किया जा रहा है। इस वर्ष खरीफ में 1105 हे० में सिंचाई प्रदान की गई है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोकहित में नहर का निर्माण यथाशीघ्र पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?	इस वर्ष की सिंचाई के दौरान नहर में जो कमिया नजर आई है, उसे दुरूस्त करा लिया जायेगा।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक: 6/ज०सं०वि०–10–16/2013 7634 /राँची, दिनांक 17-12-13 /

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड, विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं०–प्र०–627/वि० स० दिनांक 15.12.2013 के आलोक में 200 प्रतियों में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. उपसचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, कांके रोड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/प्रशाखा पदा०–6 जल संसाधन विभाग को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/12/13

संयुक्त सचिव (अभि०)
जल संसाधन विभाग, राँची।

C:\Users\user\Desktop\Gopal Krishna Patar.doc

श्री मथुरा प्रसाद महतो, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–19.12.2013 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–21 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री मथुरा प्रसाद महतो, माननीय स०वि०स०	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि धनबाद जिला के टुण्डी प्रखण्ड के ग्रामों में राइटस कम्पनी द्वारा विद्युतीकरण का कार्य किया गया है;	स्वीकारात्मक है।
2. क्या यह बात सही है कि धनबाद जिला के टुण्डी प्रखण्ड के अनेकों ग्रामों में राईटस कम्पनी द्वारा विद्युतीकरण का कार्य छोड़ दिया गया है ;	स्वीकारात्मक है।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के प्रश्न उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार अवशेष ग्रामों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, कबतक नहीं तो क्यों ?	धनबाद जिला के टुण्डी विधान सभा अन्तर्गत टुण्डी प्रखण्ड एवं टुण्डी प्रखण्ड के शेष गाँव में विद्युतीकरण का कार्य झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें कुल गाँवों की सं०–62 (बासठ) है। सभी का प्राक्कलन स्वीकृत हो चुका है। विभाग द्वारा वर्तमान में 11 (ग्यारह) गाँवों के विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसका प्रगति निम्नप्रकार है– (1) गैठीबेरा गाँव में ट्रांसफार्मर तक विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गयी है। (2) ग्राम मछियारा, लाहबेड़ा, जमडीहा, मुरारडीह, रूपुडीह, खटजोरी, कुकुरटांड, नवडीहा, भेल्लवई एवं शीतलपुर में एच0टी0डी0एस0एस0 एवं एल0टी0 लाईन में पोल गाड़े जा चुके है। शेष बचे 51 (इक्यावन) गाँवों का विद्युत आपूर्ति क्षेत्र धनबाद द्वारा निविदा के माध्यम से कार्य आवंटन हो चुका है। पाँच गाँव (1) देवपहाड़ (2) तकीपुर (3) पिलाटांड़ (4) चुनुकडीही (5) बेगनरिया में कुल 374 पोल 11 के0वी0ए0 एल0टी0 लाईन एवं डी0एस0एस0 हेतु कार्यस्थल पर उपलब्ध कराया गया है। विद्युत सामग्री का थर्ड पार्टी जांच कराया जा रहा है। विद्युत केन्द्रीय भण्डार पुटकी, धनबाद में कुछ सामग्री उपलब्ध हो चुका है, शेष सामग्री उपलब्ध होते ही बचे हुए गाँवों का विद्युतीकरण का कार्य मार्च 2014 तक तत्परता के साथ पुर्ण किया जायेगा।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 5191 / दिनांक 18.12.13

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/13

सरकार के अवर सचिव

श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–19.12.2013 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–20 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, माननीय स०वि०स०	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि गिरिडीह विधान सभा क्षेत्र के गिरिडीह एवं पीरटॉड प्रखण्डन्तर्गत फुलची, जसपुर श्रीरामपुर, सिमरकोडी, नावॉडीह, चिलगा एवं खेरकोका पंचायत के लगभग 40 (चालीस) गॉवों में विद्युतीकरण का कार्य लम्बित है,	स्वीकारात्मक है। मेसर्स राईट्स द्वारा छोड़े गये गाँव हैं, जिसे राज्य योजना में स्वीकृति के पश्चात विद्युतीकरण कराने हेतु कार्य का आवंटन विभिन्न संवेदकों को कर दिया गया है।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड 1 में वर्णित गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य नहीं होने के कारण विकास कार्य बाधित है ;	विद्युतीकरण हेतु अपेक्षित कार्रवाई की जा रही है।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के प्रश्न उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड –1 में वर्णित सभी गाँवों में जनहित में चालू वित्तिय वर्ष में विद्युतीकरण का कार्य करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक नहीं क्यों?	उपरोक्त सभी ग्रामों का मार्च 2014 तक विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 4185 / दिनाक 18.12.13

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/13

सरकार के अवर सचिव

61

दिनांक 19.12.2013 को मंत्री, अल्पसंख्यक, कल्याण से पूछा जाने वाला प्रश्न स्थानान्तरित होकर मानव संसाधन विकास विभाग को प्राप्त हुआ है।

श्री प्रदीप यादव, मा0स0वि0स0 से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ0सू0-19

क्या माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण ग्रामीण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि दिनांक-04 नवम्बर, 2011 को दुमका में आहूत कैबिनेट बैठक में राज्यान्तर्गत संचालित गैर प्रस्वीकृत 592 मदरसों को प्रस्वीकृति पश्चात् अनुदान देने की सहमति प्रदान की गई है।	उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। वस्तुतः 590 मदरसे ही है। दिनांक 04.11.2011 को मद संख्या-17 के रूप में मंत्रिपरिषद् द्वारा निम्नवत् निर्णय लिया गया :- **"झारखण्ड राज्यान्तर्गत अवस्थित निबंधित मदरसों को प्रस्वीकृति प्रदान करने संबंधी समर्पित प्रस्ताव को संस्कृत विद्यालयों सहित स्वीकृत किया गया। यह कार्रवाई तीन माह में पूरी की जाय। अनुदान संबंधी बिंदु पर अन्य राज्यों का पुनः अध्ययन कर अलग से प्रस्ताव लाया जाय।"**
2	क्या यह बात सही है कि दो वर्ष बीत जाने के बावजूद भी सरकार द्वारा उपरोक्त सभी मदरसों को विधिवत् प्रस्वीकृति प्रदान नही किया जा सका है।	उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा संकल्प संख्या 1090 दिनांक 29.11.1980 में निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले मदरसों को ही प्रस्वीकृति देनी है। झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा अभी तक 30 मदरसों को प्रस्वीकृति हेतु अनुशंसा राज्य सरकार को प्राप्त करायी गयी है।
3	क्या यह बात सही है कि अनुदान के अभाव में उपरोक्त मदरसों में कार्यरत हजारों शिक्षकों एवं कर्मियों की हालत अत्यन्त ही दयनीय है।	उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अविलम्ब 592 मदरसों को प्रस्वीकृति प्रावधान में शिथिलता बरतते हुए सभी को अनुदान देने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	दिनांक 28.11.2013 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग के संकल्प संख्या 1533 दिनांक 30.11.2013 द्वारा निबंधित मदरसों को प्रस्वीकृति प्रदान करने के संबंध में भूमि संबंधी अर्हत्ता के शिथिलीकरण के बिंदु पर सुझाव परामर्शित करने हेतु प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी है। समिति की अनुशंसा के आलोक में दिनांक 14.12.2013 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में संथाल परगना प्रमंडल में भूमि संबंधी मामले पर निर्णय लेने हेतु प्रस्ताव भेजा है।

16.12.13

निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)
-सह-विशेष सचिव,
झारखंड, राँची।

झारखंड-सरकार
मानव संसाधन विकास विभाग

ज्ञापांक-12/स.5(1)-46/2013 3189 / दिनांक 16-12-13

प्रतिलिपिः- सरकार के उप सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.12.13

निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)
-सह-विशेष सचिव,
झारखंड. राँची।

(62)

श्री जगरनाथ महतो, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–19.12.2013 को पूछा जाने वाला
अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–10 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री जगरनाथ महतो, माननीय स०वि०स०	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि वि० आपूर्ति प्रमंडल, चास अंतर्गत 11 हजार के०वी०ए० लाईन, फतेहपुर में 10 वर्षों से लोहा का तार लगा हुआ है, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है ;	आंशिक स्वीकारात्मक है।
2. यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त 11 के०वी०ए० लाईन में तार बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	तार बदलने हेतु प्राक्कलन स्वीकृत किया जा चुका है एवं सामान उपलब्ध करा दिया गया है, लगभग एक माह में तार बदल दिया जायेगा।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 4164 / दिनांक 16-12-13

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/12/13
सरकार के अवर सचिव

श्री रामचन्द्र सहिस, स०वि०स० द्वारा दिनांक– 19.12.2013 को पूछा जानेवाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या–12 का उत्तर सामग्री

क्रमांक	प्रश्न	माननीय मंत्री कल्याण का उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत बोड़ाम प्रखण्ड में एक भी आवासीय विद्यालय नहीं है।	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि आवासीय विद्यालय नहीं होने के कारण यहाँ के कमजोर वर्ग के बच्चों को आज तक समुचित शिक्षा नहीं मिल पाया है।	अस्वीकारात्मक। दो उत्क्रमित उच्च विद्यालय के साथ कुल उच्च विद्यालयों की संख्या–5 है। मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों की संख्या–103 है जिसमें छात्र/छात्राएँ शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार बोड़ाम प्रखण्ड में आवासीय विद्यालय की स्थापना कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?	संविधान की धारा 275(1) के तहत पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर जिला में एकलव्य विद्यालय की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त है। जिला प्रशासन को भूमि की उपलब्धता हेतु निदेश दिया गया है। भूमि उपलब्ध होने पर जमशेदपुर जिला में उक्त विद्यालय के निर्माण की कार्रवाई हो सकेगी।

झारखण्ड सरकार
कल्याण विभाग।

ज्ञापांक:–06/15 वि०स० –07/2013-2762 राँची, दिनांक: 18/12/13

प्रतिलिपि:– 200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को उनके ज्ञाप संख्या–558, दिनांक– 10.12.2013 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/12/13
(विनोद शंकर सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव।

(64)

श्री रामचन्द्र सहिस, स0वि0स0 अल्प सूचित प्रश्न सं0–11 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्रम	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत बोड़ाम एंव पटमदा प्रखंड के जनता सम्पूर्ण रूप से कृषि पर निर्भर है, यहाँ एक भी उद्योग नहीं है,	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि बोड़ाम एंव पटमदा प्रखंड के अधिक तालाब गर्मी आने के पहले सुख जाती है, जिसके कारण वहाँ के आम किसानों को सिंचाई हेतु सालोभर पानी नही मिलता,	आंशिक स्वीकारात्मक।
3	यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार पटमदा एंव बोड़ाम प्रखंड के सभी तालाबों का जीर्णोद्वार करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यो?	क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षणोपरांत योजनाओं की संभाव्यता पाये जाने पर प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। प्राप्त प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति बजटीय उपबंध एंव क्षेत्रीय संतुलन के आलोक में प्रदान की जाएगी।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग, राँची

ज्ञापांकः 6/ज0स0वि0/10–11/13 7623 राँची, दिनांक–17-12-13

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञापांक–556 दिनांक–10.12.13 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, काँके, राँची/उप सचिव, मंत्रीमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. अभियंता प्रमुख–II, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, राँची/दुमका एवं प्रशाखा पदाधिकारी–6 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

17/12/13

संयुक्त सचिव(अभि॰)
जल संसाधन विभाग, राँची

D:\Dinil\My Documents\Vidhan Shabha_dilaha\10.12.2013\6_10-11_13.doc

(15)

श्री अरविन्द कुमार सिंह, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–19.12.2013 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–08 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री अरविन्द कुमार सिंह, माननीय स०वि०स०	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि चाण्डिल अनुमण्डल में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत नीमडीह प्रखण्ड के आदरडीह एवं ईचागढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत रूगड़ी में विद्युत सब स्टेशन बनाने साथ ही कुकडु प्रखण्ड अन्तर्गत बहुत से गाँव में अभी तक बिजली से वंचित है ;	स्वीकारात्मक है।
2. क्या यह बात सही है कि विद्युत सब स्टेशन नहीं बनने से नीमडीह, ईचागढ़ एवं कुकडु प्रखण्ड के अधिकांशतः ग्रामों विद्युत आपूर्ति बाधित है ,	स्वीकारात्मक है।
3. यदि उपर्युक्तखण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उपरोक्तयोजना को पूर्ण कर नीमडीह, ईचागढ़ एवं कुकडु प्रखण्डों के ग्रामों को आवाध रूप से विद्युत व्यवस्था बहाल करने का विचार रखती है यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	उक्त प्रखंड के ग्रामों में विद्युत आपूर्ति के लिए राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत ईचागढ़ एवं नीमडीह में विद्युत शक्ति उपकेन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। नीमडीह विद्युत शक्ति उपकेन्द्र का निर्माण लगभग पूरा किया जा चुका है। संबंधित 33 केवी लाईन का कार्य किया जाना है। इसी प्रकार ईचागढ़ विद्युत शक्ति उपकेन्द्र एवं उससे जुड़े 33 केवी लाईन का कार्य निर्माणधीन है दोनों उपकेन्द्र एवं संबंधित 33 केवी लाईन का कार्य पूरा करने का लक्ष्य मार्च 2014 है। तदोपरान्त वर्णित क्षेत्रों की गाँवों का विद्युत आपूर्ति कर दी जायेगी।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 4157 / दिनांक 16-12-13

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/12/13
सरकार के अवर सचिव

(66)

श्री बंधु तिर्की, स०वि०स० द्वारा दिनांक– 19.12.2013 को पुछा जानेवाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या– अ०शु०–3 का उत्तर सामग्री।

क्रमाँक	प्रश्न	माननीय मंत्री कल्याण विभाग का उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि आदिवासी सहकारी विकास निगम लि०, राँची द्वारा वित्तीय वर्ष 2002–03, 2003–04 एवं 2004–05 में ट्रैक्टर, टेम्पो, टाटा स्पेसियो एवं अन्य व्यवसायिक वाहन के साथ–साथ दुकान वा टेन्ट हाऊस जैसे रोजगार उन्मुखी कार्यों के लिए फर्जी दस्तावेज जमा कर लाभुकों को ऋण उपलब्ध कराया गया।	वित्तीय वर्ष 2002–03, 2003–04 एवं 2004–05 में झारखंड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम लि० द्वारा अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग/सफाईकर्मी/अल्पसंख्यक समुदाय के आवदकों को राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के सावधि ऋण योजनान्तर्गत ऋण मुहैया कराया गया है वस्तुस्थिति यह है कि ऋण की स्वीकृति के समय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा दिये गये जाति, आय, आवासीय प्रमाण–पत्र तथा उनके द्वारा प्रस्तुत गारन्टर के आधार पर यह पाया गया कि प्रथम दृष्टब्या लाभुक को प्रार्थित ऋण प्रदान किया जा सकता है और इसको ध्यान में रखकर उन्हें ऋण प्रदान किया गया।
2.	क्या यह बात सही है कि आदिवासी सहकारी विकास निगम लि०, राँची फर्जी दस्तावेज जमा कर लाभुकों को ऋण उपलब्ध कराने के कारण ऋण की वसूली नहीं हो पा रही है।	आवेदकों एवं उनके गारन्टरों से ऋण एकरारनामा एवं गारन्टर एकरारनामा के आधार पर लाभुकों को परिवहन क्षेत्र एवं व्यवसायिक क्षेत्र में रोजगार उन्मुखी कार्यो के लिए ऋण दिया गया। इनमें कुछ लाभुकों द्वारा भुगतान शून्य, अनियमित रहने की स्थिति में यह जानने के लिए कि ऋण का भुगतान क्यों नहीं हो रहा है, लाभुकों द्वारा समर्पित आवेदन के साथ संलग्न जाति, आय, आवासीय प्रमाण–पत्र की जाँच विभागीय पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी से प्रमाण–पत्र की सत्यता की जाँच करायी जा रही है।
3.	यदि उपर्युक्त प्रश्न खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार फर्जी दस्तावेज पर ऋण उपलब्ध कराने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा लाभुकों को दिये गये ऋण की वसूली करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	ऐसे मामले जिन्होंने कुछ समय तक भुगतान के पश्चात् भुगतान करना बन्द कर दिया है उनमें से संप्रति 24 लाभुकों के विरूद्ध Public Demand Recovery Act के तहत् सर्टिफिकेट केस मामला दायर किया गया है एव अन्य 1 (एक) ऋण धारक द्वारा गलत दस्तावेज पाये जाने पर उनके विरूद्ध FIR दर्ज किया गया है। शेष पर प्रेस विज्ञप्ति किया गया है एवं वर्त्तमान में भी किया जा रहा है। निगम द्वारा लाभुक तथा गारंटर के विरूद्ध नोटिश निर्गत किया गया है। इस संबंध में यह भी कहना है कि ऐसे मामले जिनमें लाभुक द्वारा ऋण का भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनकी जाँच करायी जा रही है। जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर यथाशीघ्र दोषियों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सत्यापनोपरान्त तथा स्थल जाँचोपरान्त जो लाभुक/गारन्टर मिलेंगे, उनसे ऋण वसूली हेतु नियमानुसार सर्टिफिकेट केस दायर करने की कार्रवाई कर ऋण की वसूली की जाएगी। यदि जाँच के क्रम में किसी पदाधिकारी/कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनपर भी नियमानुसार विभागीय कारवाई/विधि सम्मत कार्रवाई यथाशीघ्र की जाएगी।

झारखण्ड सरकार,
कल्याण विभाग।

ज्ञापांक:–01/09 अ०सू० प्रश्न–02/2013 2759 राँची, दिनांक: 18/12/13

प्रतिलिपि:– 200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को उनके ज्ञाप संख्या– 255, दिनांक– 06.12.2013 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(शकील जब्बार)
सरकार के उप सचिव।

E:\Tanveer Alam\Question\KMU Sir.doc

67

श्री प्रदीप यादव, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–19.12.2013 को पूछा जानेवाला अल्प–सूचित प्रश्न संख्या– 18 का उत्तर सामग्री :–

उत्तरदाता माननीय मंत्री कृषि एवं गन्ना विकास विभाग, झारखण्ड, राँची

क्र०सं०	प्रश्न	उत्तर
1.	2.	3.
1.	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्यन्तर्गत मुख्य खरीफ फसल धान की रोपनी (आच्छादन) 31.08.2013 तक काफी कम वर्षा होने के कारण 1820.00 हजार हेक्टेयर में से मात्र 1097.69 हजार हेक्टेयर करीब 60 प्रतिशत क्षेत्र में ही रोपाई की गई थी,	धान रोपाई का प्रतिशत राज्य स्तर पर 68.19 हैं।
2.	यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार रोपाई से वंचित धान क्षेत्र को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करते हुए प्रभावित किसानों को विशेष सहायता देना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की कार्रवाई आपदा प्रबंधन विभाग से की जाती है। किसानों को सहायता देने हेतु वैकल्पिक फसल योजना विभाग से आगू किया गया था। जिसमें 90 प्रतिशत अनुदान पर मूँग, उड़द, तोरी के बीज का वितरण किया गया है। पूरे राज्य में इस योजना के तहत आवश्यकतानुसार 4577 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है।

झारखण्ड सरकार
कृषि एवं गन्ना विकास विभाग।

ज्ञापांक–09/कृ०वि०स०–18/2013– 3973 /कृ०, राँची, दिनांकः– 18-12-13

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके पत्र सं०–591 दिनांक–12.12.2013 के प्रसंग में उत्तर सामग्री की 200 (दो सौ) प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.12.13
(राम प्रसाद साय)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–09/कृ०वि०स०–18/2013– 3973 /कृ०, राँची, दिनांकः– 18-12-13

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची/मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची/मुख्य सचिव कोषांग, झारखण्ड, राँची/विभागीय माननीय मंत्री कृषि के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.12.13
सरकार के संयुक्त सचिव।

(68)

श्री जगरनाथ महतो, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–19.12.2013 को पूछा जानेवाला अल्प–सूचित प्रश्न संख्या– 09 की उत्तर सामग्री :–

उत्तरदाता माननीय मंत्री कृषि एवं गन्ना विकास विभाग, झारखण्ड, राँची

क्र०सं०	प्रश्न	उत्तर
1.	2.	3.
1.	क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिलान्तर्गत डुमरी प्रखण्ड के डुमरी पंचायत में कृषि विभाग का नर्सरी के लिए जमीन है,	डुमरी प्रखण्ड परिसर में नर्सरी स्थित है।
2.	क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त वर्णित जमीन खाली एवं बेकार पड़ा हुआ है।	स्वीकारात्मक है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त जमीन पर कृषि फार्म हाउस के रूप में विकसित कर बीज उत्पादन केन्द्र एवं पौधाशाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो, कब तक, नहीं तो क्यों ?	उक्त जमीन पर पौधशाला का निर्माण आवश्यक मुलभूत सुविधांओं के पश्चात् किया जायेगा।

झारखण्ड सरकार
कृषि एवं गन्ना विकास विभाग।

ज्ञापांक–09 / कृ०वि०स०–16 / 2013– 3963 /कृ०, राँची, दिनांकः– 17-12-13

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके पत्र सं०–482 दिनांक–09.12.2013 के प्रसंग में प्रश्नोत्तर की 200 (दो सौ) प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17-12-13
(राम प्रसाद साय)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–09 / कृ०वि०स०–16 / 2013– 3963 /कृ०, राँची, दिनांकः– 17-12-13

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची / मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची / मुख्य सचिव कोषांग, झारखण्ड, राँची / विभागीय माननीय मंत्री कृषि के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / समन्वय शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17-12-13
सरकार के संयुक्त सचिव।

श्री समरेश सिंह, स०वि०स० अल्पसूचित प्रश्न सं0–05 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्रम	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि धनबाद जिलान्तर्गत लघु सिंचाई विभाग द्वारा विगत दो वर्ष पूर्व 30–30 हजार रूपये में 25 पंपसेट खरीदे गये थे, जो लाभूक किसानों के बीच चेकडैम से पानी निकालने के लिए वितरण कराना था,	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि सभी 25 पंपसेट पाईप सहित धनबाद के लूबी सर्कुलर रोड स्थित लघु सिंचाई कार्यालय के सामने झाड़ी में पड़े–पड़े जंग लगाकर सड़ रहे है,	अस्वीकारात्मक।
3	क्या यह बात सही है कि लाभूक किसानों को पंपसेट नहीं मिलने के कारण नुकसान कृषि और पैदावार पर पड़े है,	लाभुक समिति के गठन में लगातार विवाद उत्पन्न होने के कारण उक्त पम्प सेट को प्रमण्डल कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखा गया था। 12 अदद् पम्प सेट संबंधित लाभूक समिति को हस्तगत कराया गया है। शेष पम्प सेट अविलम्ब संबंधित लाभूक समिति को हस्तगत करा दिया जाएगा।
4	यदि उपरोक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उन दोषी अधिकारियों पर कार्रवाही करने का विचार रखती है, जिसके कारण यह नुकसान उठाना पड़ा है यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यो?	आवश्यकता नहीं है।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग, राँची

ज्ञापांकः 6/ज0स0वि0/70–10/13 7637 राँची, दिनांक– 17.12.13

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञापांक–299 दिनांक 07.12.2013 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, काँके, राँची/उप सचिव, मंत्रीमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. अभियंता प्रमुख–II, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, राँची/दुमका एवं प्रशाखा पदाधिकारी–6 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

17/12/13

संयुक्त सचिव(अभि॰)
जल संसाधन विभाग, राँची

D:\Dixit\My Documents\Vidhan Shabha_dilalu\10.12.2013\6_70_10_13.doc

(70)

उत्तर की तिथिः–19.12.2013

श्री जनार्दन पासवान, माननीय सदस्य विधान सभा द्वारा पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या–06 का प्रश्नोत्तर।

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री जनार्दन पासवान, माननीय स0वि0स0	श्री हाजी हुसैन अंसारी, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, सहकारिता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–	
1. क्या यह बात सही है कि चतरा जिला अन्तर्गत प्रतापपुर प्रखण्ड में श्री रामाशंकर राम, प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विगत 7–8 वर्षों से पदस्थापित हैं।	स्वीकारात्मक है। श्री रामाशंकर राम, प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, प्रतापपुर प्रखण्ड में 22.03.2007 से पदस्थापित हैं।
